विधान सभा सचिवालय

उत्तर प्रदेश

(पटल कार्यालय)

संख्या : 836/वि0स0/प0का0/4(प)/18

लखनऊ, दिनांक 05 जुलाई, 2021

अधिसूचना

प्रकीर्ण

चूंकि, इस सचिवालय के अधिसूचना संख्या : 1367/वि0स0/प0का0/4(प)/2018, दिनांक 07 अगस्त, 2018 द्वारा **दिव्यांगता पर "राज्य सलाहकार बोर्ड"** में सदस्य के रूप में कार्य करने के लिये विधान सभा के श्री कपिल देव अग्रवाल, सदस्य, विधान सभा (मुजफ्फरनगर) तथा श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव, सदस्य, विधान सभा (लखनऊ) को मा0 अध्यक्ष, विधान सभा द्वारा नाम-निर्दिष्ट किया गया था;

और, चूंकि, श्री कपिल देव अग्रवाल मंत्री पद पर नियुक्त हो गये हैं ऐसी परिस्थिति में **दिव्यांगता पर "राज्य सलाहकार बोर्ड"** में उनका स्थान रिक्त हो गया है;

और, चूंकि, श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव, सदस्य, विधान सभा की मृत्यु के फलस्वरूप **दिव्यांगता पर "राज्य सलाहकार बोर्ड"** में उनका स्थान भी रिक्त हो गया है;

और, चूंकि, **दिव्यांगता पर "राज्य सलाहकार बोर्ड"** की उक्त रिक्तियों में मा0 अध्यक्ष, विधान सभा द्वारा डा0 नीरज बोरा, सदस्य, विधान सभा (लखनऊ) तथा डा0 मुकेश चन्द्र वर्मा, सदस्य, विधान सभा (फिरोजाबाद) को शेष कालावधि के लिये नाम-निर्दिष्ट किया गया है;

अतः सर्वसाधारण की सूचनार्थ एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि डा0 नीरज बोरा, सदस्य, विधान सभा (लखनऊ) तथा डा0 मुकेश चन्द्र वर्मा, सदस्य, विधान सभा (फिरोजाबाद), **दिव्यांगता पर "राज्य सलाहकार बोर्ड"** में शेष कालावधि के लिये सदस्य नाम-निर्दिष्ट हो गये हैं, और इस प्रकार नाम-निर्दिष्ट सदस्य, सम्बन्धित अधिनियम के अन्तर्गत इस सदन द्वारा विधिवत निर्वाचित समझे जायेंगे।

आज्ञा से,

प्रदीप कुमार दुबे,

प्रमुख सचिव।

संख्या : 836(1-9)/वि0स0/प0का0/4(प)/18, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :-

1-उत्तर प्रदेश विधान सभा के समस्त सदस्यगण,
2-माननीय संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव,
3-शेष समस्त मंत्रियों/राज्य मंत्रियों के निजी सचिव,
4-प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, संसदीय कार्य अनुभाग-1,
5-प्रमुख सचिव, विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश, लखनऊ,
6-अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग,
7-निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश,
8-प्रधान महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज,
9-विधान सभा सचिवालय, उत्तर प्रदेश के सम्बन्धित अधिकारीगण।

बृज भूषण दुबे,

विशेष सचिव।

पी0एस0यू0पी0-एल0 60 विधान सभा (78)-06-07-2021-600 प्रतियां (कम्प्यूटर)।